दिनांक-30.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

टैक्स जमा नहीं करने वाले नल कनेक्शनधारियों के नल कनेक्शन होंगे विच्छेद , आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

भिलाईनगर/अमृत मिशन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा आज आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली जिसमें जल कार्य के अधिकारी/कर्मचारी , विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता , जोन के अधिकारी/कर्मचारी एवं स्पैरो के कर्मचारी सम्मिलित हुए। अमृत मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है जिसके कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए आयुक्त महोदय ने अधिकारी , कर्मचारियों को बैठक लेकर निर्देश दिए हैं। अवैध नल कनेक्शन को अमृत मिशन के अंतर्गत वैध कनेक्शन में परिवर्तित कर नियमितीकरण करने की प्रक्रिया समस्त जोन क्षेत्र में जारी है ऐसे व्यक्ति जो अभी तक अवैध नल कनेक्शन को वैध कनेक्शन में परिवर्तित कर नियमितीकरण की कार्यवाही नहीं करा पाये हैं वे जोन कार्यालय में संपर्क कर करा सकते हैं। इसके साथ ही निगम क्षेत्र अंतर्गत घरों में नल कनेक्शन एवं वाटर मीटर कनेक्शन लगाने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त महोदय ने स्पैरो एजेंसी को निर्देशित किया कि ऐसे लोगों की सूची प्रदान करें जो नल कनेक्शन लेने के बावजूद टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं तथा इनके विरुद्ध जोन आयुक्त नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही प्रारंभ करें। श्री रघुवंशी ने स्पैरो द्वारा किए जा रहे टैक्स वसूली की जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि नियमित रूप से नियमानुसार टैक्स वसूली करें एवं लक्ष्य के विरुद्ध शत् प्रतिशत वसूली हो इस बात का ध्यान रखें। आयुक्त महोदय ने 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र की प्रगति के बारे में जलकार्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली तथा इंटरकनेक्शन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही 66 एमएलडी से संबंधित जितने भी कार्य शेष है उन्हें शीघ्रता